# पूजा-अर्चना के बाद प्रसिद्ध गोगामेडी मेला ध्वजारोहण के साथ शुरू



हनुमानगढ़ में उद्योग व वाणिज्य मंत्री शकुंतला रावत ने गोगामेडी मेले का पूजन कर शुभारंभ किया।

■ उद्योग एवं देवस्थान मंत्री शकुंतला रावत ने अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के साथ गोगाजी के दरबार में समाधि का दर्शन कर चादर व पुष्प चढ़ाए

**हनुमानगढ़,**(कासं)। सांप्रदायिक सद्भावना के प्रतीक उत्तर भारत के प्रसिद्ध गोगामेड़ी मेले का शुभारंभ बुधवार को देवस्थान, उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री शकुंतला रावत ने पूजा-अर्चना के बाद ध्वजारोहण कर विधिवत रूप से किया। ध्वजारोहण के बाद मंत्री रावत ने संभागीय आयुक्त व अन्य अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के साथ गोगाजी के दरबार में समाधि का दर्शन कर चादर व पुष्प चढ़ाए।

इस दौरान केश कला बोर्ड के चेयरमैन महेन्द्र गहलोत, भादरा विधायक बलवान पूनिया, नोहर विधायक अमित चाचण, ग्राम पंचायत सरपंच एवं गोरख धूणा प्रन्यास के महंत रूपनाथ, नोहर प्रधान सोहन ढील, उप प्रधान बलवान फगेड़िया, जिला परिषद सदस्य मंगेज चौधरी, शबनम गोदारा, जिला अहिंसा बोर्ड के संयोजक श्रवण तंवर, सुनिता पूनिया, रफीक कुरैशी, अदरीश अली, संभागीय आयुक्त डॉ नीरज के. पवन, जिला कलेक्टर नथमल डिडेल, एसपी डॉ. अजयसिंह, देवस्थान विभाग के अति. आयुक्त ओ. पी. जैन, एडिशनल एसपी नोहर सुरेश जांगिड, नोहर उपखंड अधिकारी एवं गोगामेड़ी मेला मजिस्ट्रेट श्वेता कोचर, देवस्थान विभाग की सहायक आयुक्त डॉ प्रियंका गांधी, जतिन गांधी, सीओ नोहर सुनिल झांझड़िया, तहसीलदार जय कौशिक समेत सभी विभागों के आला अधिकारी मौजूद थे।

मेला शुभारंभ पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए उद्योग एवं देवस्थान मंत्री शकुंतला रावत ने गोगाजी मंदिर के सामने लगी अस्थाई बैरिकेटिंग को स्थाई करने, मंदिर के सामने मुख्य गेट तक इंटरलॉक सड़क बनाने व पक्के शैड बनाने की घोषणा की। साथ ही कहा कि गोगाजी मेले में श्रद्धालुओं के लिए विश्राम के लिए छाया, सफाई, सुरक्षा, पेयजल समेत अन्य सभी प्रकार की व्यवस्थाएं प्रशासन ने की है। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील करते हुए कहा कि गोगाजी के दर्शन आराम से करें, जल्दबाजी कतई ना करें। रावत ने कहा कि गोगामेड़ी व राजस्थान के प्रत्येक धार्मिक स्थल पर आवश्यकता अनुसार विकास कार्य करवाए जायेंगे। उन्होंने अपने सम्बोधन में चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना समेत अन्य योजनाओं के बारे में बताते हुए कहा कि सरकार आमजन के साथ है और समाज में अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ प्रदान किया जायेगा।

इस अवसर पर भादरा विधायक बलवान पूनिया ने कहा कि इस बार मेला क्षेत्र में छाया, विश्राम स्थल, पेयजल, सफाई, वाहन पार्किंग, चिकित्सा, रोशनी, बेरिकेट्स, सुलभ शौचालय, गोगाजी मंदिर सहित पूरे मेला क्षेत्र में क्लॉज सर्किट कैमरों से निगरानी व्यवस्था समेत यात्री विश्राम आदि की पुख्ता व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधाओं का सामना नहीं करने दिया जायेगा। उनकी सुरक्षा का भी पूरा खयाल रखा जायेगा। नोहर विधायक अमित चाचण ने अपने संबोधन में उद्योग एवं देवस्थान मंत्री शकुंतला रावत का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि देर रात तक मुख्यमंत्री के साथ बैठक के बावजूद वह मेला शुभारंभ कार्यक्रम में पधारी और मेले का शुभारंभ किया। साथ ही उन्होंने कहा कि इस बार मेले में प्रशासन की ओर से श्रद्धालुओं के लिए पुख्ता व्यवस्थाएं की गई हैं। उन्होंने कई सामाजिक, धार्मिक और व्यापारिक संगठनों का भी हर बार मेले के दौरान पूर्ण सहयोग देने पर आभार जताया।

मेला शुभारंभ से पहले संभागीय आयुक्त, जिला कलेक्टर, एसपी, मेला मंजिस्ट्रेट व अन्य अधिकारियों ने गोगामेड़ी मेला क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान देवस्थान विभाग उदयपुर मुख्यालय के अतिरिक्त आयुक्त ओ.पी. जैन ने बताया कि विभाग की ओर से श्रद्धालुओं के लिए मेला व्यवस्था के पुख्ता प्रबंध किये गए है। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए ट्रेन व अतिरिक्त बसों की व्यवस्था करवाई गई है। एडिशनल कमिश्नर ने स्थानीय लोगों व मेला ठेकेदारों से मेले का सफल संचालन करने में सहयोग करने की अपील की।

उन्होंने बताया कि सभी प्रकार की व्यवस्थाओं को बनाए रखने के लिए सुरक्षा की दृष्टि से मेले को कुल पांच जोन में विभाजित किया गया है। सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से पूरे मेला क्षेत्र में बड़ी संख्या में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए है। इस बार वाहन पार्किंग सहित पूरे मेले में सीसीटीवी कैमरों की चप्पे-चप्पे पर नजर रहेगी।

## देशभक्ति गीत गायन कार्यक्रम आज

**बीकानेर,** (कासं)। आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत 12 अगस्त को जिले के समस्त स्कूलों के लाखों विद्यार्थियों द्वारा एक ही समय पर सामूहिक रूप से छह देशभक्ति गीतों का गायन किया जायेगा।

इस दौरान प्रत्येक ब्लॉक मुख्यालय पर भी कार्यक्रम होंगे। वहीं जिला स्तरीय कार्यक्रम डॉ. करणी सिंह स्टेडियम में आयोजित किया जायेगा, जिसमें दस हजार बच्चों की भागीदारी रहेगी। जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने इसकी तैयारियों की समीक्षा की तथा कहा कि जिले के लिए यह ऐतिहासिक अवसर है। इसमें अधिक से अधिक बच्चों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को प्रातः 10.15 बजे जिले की समस्त स्कूलों में देशभक्ति गीतों के गायन कार्यक्रम आयोजित होगा। इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा राष्ट्रगीत वंदेमातरम, सारे जहां से अच्छा हिन्दुस्तां हमारा, आओ बच्चों तुम्हें दिखाए झांकी हिन्दुस्तान की, झंडा ऊंचा रहे हमारा, हम होंगे कामयाब और राष्ट्रगान का गायन किया जायेगा।

जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी नित्या के. ने बताया कि डॉ. करणीसिंह स्टेडियम में आयोजित होने वाले समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। शहर के विभिन्न क्षेत्रों से स्कूली बच्चों को लाने-ले जाने, उनके प्रवेश, गीतों के गायन सहित विभिन्न कार्मिकों की नियुक्ति के संबंधी दिशा निर्देश जारी कर दिये गए हैं। इसके लिए प्रत्येक स्कूल से बच्चों की रवानगी और पहुंच सहित वापसी का समय एवं स्थान निर्धारित किया गया है।

## सार-समाचार

### भारत माता की फोटोज का विमोचन



**बीकानेर,** (कासं)। आजादी अमृत महोत्सव के आयोजन को आमजन तक पहुचाने, हर घर तिरंगा 12 से 16 अगस्त तक विद्यालय स्तर पर भारत माता का पूजन, महापुरूषों की जानकारी बच्चों व आमजन तक पहुंचाने को लेकर राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय द्वारा बीकानेर जिले के विद्यालयों तक भारत माता की फोटोज पहुंचे। इसको ध्यान में रखते हुए विद्यसलय स्तर तक संगठन की ओर से दी जाने वाली भारत माता की फोटोज का विमोचन गुरूवार को प्रदेश अतिरिक्त महामंत्री रवि आचार्य, जिलामंत्री नरेन्द्र आचार्य सहित अन्य पदाधिकारियों द्वारा किया गया। संगठन के जिलामंत्री नरेन्द्र आचार्य ने बताया कि बीकानेर जिले में अमृत महोत्सव में ज्ञात अज्ञात अनाम स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों के योगदान को जन जन तक पहुंचाने का प्रयास संगठन की ओर से विद्यालयों में किया जायेगा तथा 12 से 16 अगस्त तक विद्यालयों में भारत माता का पूजन कार्यक्रम के दृष्टिगत जिले के विद्यालयों में भारत माता का फोटो पहुंचाने का प्रयास संगठन स्तर पर किया गया। विमोचन कार्यक्रम में रवि आचार्य, महेश छीपा, नरेन्द्र कुमार, मदनमोहन छंगाणी, गोविन्द, फैजल आदि सम्मिलित थे।

### बीएसएफ जवानों को राखी बांधी

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। प्रदेश के सीमावर्ती जिले श्रीगंगानगर में गुरूवार को लॉयन्स क्लब से जुड़ी महिलाओं और युवतियों ने देश की सुरक्षा में तैनात बीएसएफ जवानों को राखी बांधी। सीमा सुरक्षा बल की 125 वीं बटालियन में कार्यरत अधिकारियों और जवानों की कलाई पर जब राखी बांधी गई तो परिवार जैसा अहसास कर वे खुशी से फूले नहीं समाए। जवानों ने भारत माता की जय के जयघोष लगाकर देश की एकता और अखंडता बनाए रखने और सीमा की सुरक्षा में कोई कमी नहीं आने देने का विश्वास दिलाया। असिस्टेंट कमांडेंट कंपनी कमांडर अभिजीत कुमार वर्मा ने बताया कि बहनों की इस राखी को जवानों ने अपनी कलाई पर सजते देखा तो सीना गर्व से चौड़ा हो गया। देश के अलग-अलग राज्यों से आने वाले ये जवान रक्षाबंधन के त्योहार पर घर नहीं जा पाते हैं और उनकी कलाई सूनी रह जाती है। लेकिन श्रीगंगानगर की बहनों ने इस कमी को महसूस नहीं होने दिया। देश की सुरक्षा में सरहद पर तैनात जवानों के साथ राखी के आयोजन से इन जवानों को घर से दूरी का अहसास नहीं होने दिया। वहीं युवाओं के लिए आयोजन देशभक्ति की भावना को बढ़ाने वाला रहा।

### हेरोइन बेचते तीन गिरफ्तार

**हनुमानगढ़,** (कासं)। जिले की भादरा पुलिस ने हेरोइन (चिट्टा) बेचते 3 युवकों को गिरफ्तार किया है। भादरा पुलिस की टीम देर रात को गश्त कर रही थी। इस दौरान कुछ युवक पुलिस टीम को देखकर भागने लगे तो पुलिस टीम ने उनको पकड़ लिया। इस दौरान तलाशी लेने पर उनके पास 7 ग्राम हेरोइन मिली। पुलिस ने तीनों युवकों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है और जांच में जुटी है। एसआई राकेश गोदारा ने बताया कि पुलिस टीम गश्त कर रही थी। इस दौरान पुलिस टीम श्योपुरा बास कस्बा भादरा की तरफ जाने वाले कच्चे रास्ते पर पहुंची तो वहां खड़े 3 युवक भागने लगे। शक होने पर पुलिस टीम ने पीछा कर तीनों को पकड़ लिया। इस दौरान उनसे भागने का कारण पूछा तो उन्होंने हेरोइन बेचने की फिराक में घूमने की बात बताई। तलाशी लेने पर उनके पास 7 ग्राम हेरोइन मिली। इस पर पुलिस टीम तीनों को गिरफ्तार कर थाने लाई। यहां पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम संदीप कुमार (22) पुत्र मदन सिंह जांगिड़ निवासी वार्ड 40 भादरा, मनीष (18) पुत्र चेतराम नाई निवासी वार्ड 40 भादरा और शोएब (18) पुत्र महबूब काजी निवासी वार्ड 34 भादरा बताया। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज किया गया है और जांच भिरानी थाना प्रभारी ओमप्रकाश सुथार को सौंपी गई है।

### प्रेमी जोडा नहर में कूदा,शव मिला

**हनुमानगढ़,** (कासं)। जिले के संगरिया पुलिस थाना क्षेत्र में प्रेमी जोड़ा सार्दुल ब्रांच नहर में कूद गया। प्रेमी का शव बरामद हो गया है जबकि प्रेमिका की तलाश जारी है। नगराना गांव के समाजसेवी राज किंगरा के अनुसार मंगलवार देर शाम को सार्दुल नहर के किनारे आरडी 84 के पास बाइक नम्बर आरजे 31 एसपी 1516 खड़ी मिली। उसके पास ही मोबाइल फोन, जूते, महिला की चप्पल, दुपट्टा और पायजेब मिली। इस पर किसी के नहर में गिरने की आशंका जताई गई और संगरिया पुलिस को सूचना दी। उसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक युवक की पहचान संगरिया के वार्ड 34 निवासी नरेन्द्र (20) पुत्र प्रताप सिंह मेघवाल के रुप में हुई है। मौके पर मिली चप्पलों, दुपट्टे और पायजेब के आधार पर महिला के वार्ड 34 की निवासी होने की बात सामने आई है। युवक अविवाहित था जबकि महिला 2 बच्चों की मां है। गोताखोरों की मदद से युवक नरेन्द्र का शव बरामद कर लिया गया है। जबकि गोताखोर महिला की तलाश में जुटे हुए हैं। पुलिस ने युवक के शव को संगरिया सीएचसी के मोर्चरी में रखवा दिया है। पुलिस इस मामले को प्रेम प्रसंग से जोड़कर देख रही है।

### ऑटो चालकों का चक्का जाम आज

**बीकानेर,** (कासं)। ऑटो व बाल वाहिनी संयुक्त संघर्ष समिति की बैठक गुरूवार को गांधी पार्क में आयोजित की गई। वरिष्ठ इंटक नेता हेमन्त किराडू व बालवाहिनी संयुक्त संघर्ष समिति के युधिष्ठर सिंह भाटी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में ऑटो व बालवाहिनियों के पुलिस व परिवहन विभाग द्वारा काटे जा रहे चालान के विरोध में ऑटो चालकों के अनिश्चितकालीन चक्का जाम को 15 अगस्त को देखते हुए स्थगित कर शुक्रवार को सांकेतिक एक दिन का चक्का जाम रखने का निर्णय लिया गया। वहीं बाल वाहिनी संयुक्त संघर्ष समिति के अध्यक्ष युधिष्ठर सिंह ने बताया कि बालवाहिनी का अनिश्चितकालीन चक्का जाम जारी रहेगा। बैठक में समीर खान, भवानी शंकर व्यास, गोपीकिशन गहलोत, चोरूलाल आदि ने भाग लिया।

# प्रेमिका के पिता की हत्या का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

■ परिजनों के द्वारा प्रेम प्रसंग का विरोध करने पर एक महिला ने प्रेमी को अपने घर बुलाकर पिता की हत्या करवा दी

**अनूपगढ़,** (कासं)। अनूपगढ़ गांव 6 एपीएम में मंगलवार रात को एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जिस पर पुलिस ने मामले के मुख्य आरोपी गुरतेज सिंह को आज सुबह गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस उपाधीक्षक जयदेव सियाग ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में गुरतेज सिंह ने बताया कि 2018 में वह अपनी पत्नी और उसके प्रेमी का भी कत्ल कर चुका है।

पुलिस उपाधीक्षक ने बताया कि मुख्य आरोपी गुरतेज सिंह आदतन अपराधी है और पूर्व में भी यह दो मर्डर कर चुका है। आरोपी गुरतेज सिंह की हिस्ट्री खंगाली जा रही है। वहीं पुलिस ने इस मामले में गुरतेज सिंह की प्रेमिका सहित अन्य दो आरोपियों को भी राउंडअप कर रखा है। 2018 से ही आरोपी गुरतेज सिंह श्रीगंगानगर की जेल में था और 21 नवम्बर 2021 को गुरतेज सिंह जमानत पर बाहर आया था। जमानत मिलने के बाद गुरतेज सिंह अपने गांव 4 एमडी रहने लग गया। 4 एमडी में इसका संपर्क पड़ौस में रहने वाली रोशनी से हुआ। रोशनी से संपर्क होने के बाद दोनों की दोस्ती प्यार में बदल गई।

मंगलवार देर रात गांव 6 एपीएम परिजनों के द्वारा प्रेम प्रसंग का विरोध करने पर एक महिला ने प्रेमी को अपने घर बुलाकर पिता की हत्या करवा दी गई थी।

**डोडा पोस्त सहित गिरफ्तार :** श्रीगंगानगर जिले के पुलिस अधीक्षक आनंद शर्मा के निर्देशानुसार रावला पुलिस ने नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए गांव 8 केएनडी के पास 1 व्यक्ति को 8 किलो डोडा पोस्त सहित गिरफ्तार किया है।

एसआई जीयाराम हटीला ने बताया कि गश्त के दौरान उनकी टीम 15 केएनडी पुलिया के पास पहुंची तो देखा कि एक व्यक्ति पोस्त बेचने की फिराक में है। पुलिस ने व्यक्ति से जब उसका नाम पूछा तो उसने अपना नाम कुलदीप सिंह पुत्र सुंदर सिंह निवासी 12 केएनडी हाल चक 13 केएनडी बताया। पुलिस ने आरपी की तलाशी ली तो उसके पास 8 किलो डोडा पोस्त बरामद हुआ। पुलिस ने डोडा पोस्त जब्त कर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी।

## कुल हिन्द मुशायरा 15 को

**बीकानेर,** (कासं)। आजादी की 75वीं सालगिरह के मौके पर कला, साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग तथा राजस्थान उर्दू अकादमी की ओर से 15 अगस्त को सायं 6:30 बजे से रवीन्द्र रंगमंच पर कुल हिन्द मुशायरा आयोजित किया जायेगा।

राजस्थान उर्दू अकादमी के सचिव मो. अज्जम अली ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कला एवं संस्कृति मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला होंगे। अध्यक्षता शायर व आलोचक शीन काफ निजाम करेंगे। मुशायरे का संचालन अमरावती के अबरार काशिफ द्वारा किया जायेगा।

मुशायरे में जयपुर के डॉ. नवाज देवबंदी, मलका नसीम, मुंबई के शकील आजमी, अजीज नबील, ऐटा के अज्म शाकरी, दिल्ली के इकबाल अशहर, सालिम सलीम, भोपाल के डॉ. नुसरत मेहदी, दिल्ली के आदिल रशीद, बरेली के शारीक कैफी, ग्वालियर के मदन मोहन दानिश, अहमदनगर के कमर सुरूर, फारुक इंजीनियर शामिल होंगे।

# रानी बाजार रेलवे क्रॉसिंग पर अंडरब्रिज की तैयारी

■ संबंधित विभागों से चर्चा के बाद अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी

**बीकानेर,** (कासं)। यहां रानी बाजार रेलवे क्रॉसिंग पर अंडरब्रिज बनाने की तैयारी हो गई है। इसी के मद्देनजर अम्बेडकर सर्किल-रानी बाजार रेलवे क्रॉसिंग को स्थायी रूप से बंद करने की स्वीकृति दे दी गई है। अंडरब्रिज बनने से रानी बाजार ओवरब्रिज और मेडिकल कॉलेज रोड पर ट्रेफिक भी कम हो जायेगा।

जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने अम्बेडकर सर्किल-रानी बाजार रेलवे फाटक पर अंडरब्रिज बनाने के बाद इस फाटक को बंद करने की सहमति दी है। इसके बाद यहां अंडरब्रिज स्थापित हो सकेगा तथा यहां से प्रतिदिन गुजरने वाले हजारों लोगों को राहत मिलेगी। कलेक्टर ने बताया कि रेलवे द्वारा अम्बेडकर सर्किल रानी बाजार पर आरयूबी निर्माण के बाद इस समपार को बंद करने संबंधी अनापत्ति प्रमाण पत्र चाहा गया था। संबंधित विभागों से चर्चा के बाद यह अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया है। इसके बाद यहां रेलवे अंडरब्रिज का कार्य शीघ्र ही प्रारम्भ हो सकेगा। इससे अम्बेडकर सर्किल से रानी बाजार की ओर आने-जाने वाले लोगों को राहत मिलेगी। साथ ही पीबीएम अस्पताल और विभिन्न सरकारी कार्यालयों तक पहुंच भी आसान हो सकेगी। जिला कलेक्टर कलाल ने कार्यभार ग्रहण करते ही इस स्थान का मुआयना किया तथा इस संबंध में रेलवे के अधिकारियों से चर्चा की। अब इस अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी होने के बाद यहां अंडरब्रिज की राह और आसान हो गई है। नगर विकास न्यास द्वारा इसके ब्लॉक बना लिए गए हैं।

# समिति सभागार का ताला खुलवाने की मांग

■ दो अलग-अलग कमेटियां बनी हुई है, एक गुट ने ताला लगाया

■ दूसरे गुट ने विधायक के नेतृत्व में कलेक्टर से की मुलाकात

**हनुमानगढ़,** (कासं)। जिले के व्यापार मण्डल समिति संगरिया के सभागार का ताला खुलवाने की मांग को लेकर व्यापारियों ने विधायक गुरदीप सिंह के नेतृत्व में जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

हनुमानगढ़ के व्यापार मण्डल समिति संगरिया के सभागार का ताला खुलवाने की मांग तेज होने लगी है। व्यापारियों ने विधायक गुरदीप सिंह शाहपीनी के नेतृत्व में जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। और जल्द से जल्द सभागार का ताला खुलवाने की मांग की। संगरिया विधायक गुरदीप सिंह शाहपीनी ने बताया कि संगरिया में व्यापार मण्डल समिति और फूडग्रेन व्यापार समिति नाम से दो संस्थाएं चल रही हैं।

दोनों के अलग-अलग अध्यक्ष और कमेटियां हैं। संगरिया व्यापार मण्डल समिति कार्यालय में एक सभागार बना हुआ है। जो व्यापारियों सहित विभिन्न संगठनों के लिए सार्वजनिक तौर पर बैठक आदि करने के लिए काम में लिया जाता है। लेकिन पूर्व अध्यक्षों का व्यापार मण्डल समिति के कार्यालय पर कब्जा है।

उन्होंने कहा कि कार्यालय की चाबी मार्केट कमेटी सचिव को मिले ताकि दोनों संस्थाओं में से किसी को कार्यक्रम-बैठक करनी है तो मार्केट कमेटी सचिव को एक दिन पहले अवगत करवाकर चाबी ले सकें। विधायक ने बताया कि एफसीआई की ओर से की गई गेहूं की समर्थन मूल्य पर खरीद के बाद दोनों संघों में विवाद बढ़ा है। आढ़त के चलते पिछले साल काफी विवाद हुआ था। इस कारण गेहूं का उठाव नहीं हो पाया था। एफसीआई की ओर से काफी गड़बड़ी की गई। आढ़तियों की करीब सवा-डेढ़ करोड़ रुपए की आढ़त अभी भी बकाया है। उसके लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं।

संगरिया की फूडग्रेन व्यापार समिति के अध्यक्ष श्यामलाल सोमानी ने बताया कि पूर्व में संगरिया में व्यापार मण्डल नाम से एक संस्था थी।

## हॉस्पिटल में काम आने वाले उपकरण भेंट

**बीकानेर,** (कासं)। हॉस्पिटल में प्रतिदिन उपयोग में आने वाले उपकरण भेंट किए।

मंत्री भरत गोलछा ने बताया कि इस कार्यक्रम से पहले डॉक्टर वाल्मीकि से संपर्क किया और उनसे वार्तालाप कर इस हॉस्पिटल में जिन उपकरणों की आवश्यकता है उसकी संपूर्ण जानकारी ली। उसके बाद उपकरण खरीदकर सौंपे। इस कार्यक्रम के दौरान हॉस्पिटल के वरिष्ठ डॉक्टर मुकेश वाल्मीकि, डॉक्टर संजीव सेहगल, मोहनलाल, जॉन सेक्रेटरी वीर एडवोकेट कन्हैयालाल बोथरा, मा. ई. गंगाशहर के अध्यक्ष वीर प्रकाशचंद सेठिया, वीर चंद्रकुमार राखेचा, वीर टोडरमल चौपड़ा, बच्छराज रांका व हॉस्पिटल का स्टाफ उपस्थित था।

# रक्षा बंधन के दिन घर में खुशी के बजाय मातम छाया

■ श्रीडूंगरगढ़ में एक भाई रक्षा बंधन पर सामान खरीदने ऊंट गाड़े से बाजार जा रहा था कि रास्ते में ऊंट बिदक गया, सड़क पर गिरने से गंभीर चोट लगने पर उसकी मौत हो गई

**बीकानेर,** (कासं)। जिले के श्रीडूंगरगढ़ में एक भाई रक्षा बंधन पर सामान खरीदने ऊंट गाड़े से बाजार जा रहा था कि रास्ते में ऊंट बिदक गया। भाई सड़क पर जा गिरा, जहां गंभीर चोट लगने से उसकी मौत हो गई। रक्षा बंधन के दिन घर में खुशी के बजाय मातम छाया।

दरअसल श्रीडूंगरगढ़ के धीरदेसर चोटियान गांव में रहने वाला सोहन सिंह अपने बच्चों व पत्नी के साथ गांव से बाहर सामान लेने जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में ऊंट अगले दो पैरों से उछल गया। ऐसे में ऊंट गाड़े का संतुलन बिगड़ा और सोहन सिंह सड़क पर जा गिरा। उसके सिर पर गंभीर चोट आई। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया लेकिन उसकी मौत हो गई। गुरुवार को सोहन सिंह के घर पर बहनें तो पहुंची लेकिन राखी बंधवाने वाला भाई अब नहीं था। चार बहनों के इस भाई का अंतिम संस्कार करना पड़ा। हादसे से पूरा गांव सदमे में है।

सोहन सिंह के भाई पूर्ण सिंह भाटी ने मर्ग दर्ज करवाते हुए पुलिस को बताया कि मेरा छोटा भाई 30 वर्षीय सोहन सिंह बुधवार सुबह 9 बजे खेत से घर आ रहा था। गांव में घुसते ही ऊंट बिदक गया जिससे गाड़े के ऊपर से सोहन सिंह पत्नी व बच्चों सहित ऊंट से गिर गए। सोहन गिरते ही बेहोश हो गया और उसे पीबीएम अस्पताल ले गए तो डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवा परिजनों के सुपुर्द कर दिया। हादसे के वक्त सोहन सिंह के साथ उसकी पत्नी और पांच बच्चे थे। पत्नी छोटू कंवर व 4 बेटियों व एक बेटे के साथ धीरदेसर चोटियान के बाजार में सामान लेने आ रहा था।

# आवासित बालिकाओं ने कलेक्टर की कलाई पर बांधी तिरंगी राखी



बीकानेर में पवनपुरी स्थित बालिका गृह की बालिकाओं ने कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल की कलाई पर तिरंगी राखी बांधी।

**बीकानेर,** (कासं)। आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत गुरुवार को बाल अधिकारिता और महिला अधिकारिता विभाग के संयुक्त तत्वावधान में राखी महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया।

पवनपुरी स्थित बालिका गृह-उड़ान सदन में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल थे। यहां आवासित बालिकाओं ने जिला कलेक्टर की कलाई पर तिरंगी राखियां बांधी और मुंह मीठा करवाया। इस दौरान बालिकाओं ने रंग- बिरंगे गुब्बारे हवा में छोड़कर आजादी के 75 वर्ष का जश्न मनाया। जिला कलेक्टर ने बालिका गृह में बच्चियों के लिए की गई व्यवस्थाओं की जानकारी ली और गत दिनों यहां आयोजित शतरंज प्रशिक्षण के बारे में जाना। उन्होंने बालिकाओं से मन लगाकर पढ़ने का आव्हान किया। इस दौरान बाल अधिकारिता विभाग की सहायक निदेशक कविता स्वामी, महिला अधिकारिता विभाग की उपनिदेशक मेघा रतन, संरक्षण अधिकारी सतीश पडिहार आदि मौजूद थे।

**छात्राओं ने जवानों को राखी बांधी :** प्रदेश की सबसे बड़ी विद्युत तापीय परियोजना सूरतगढ़ सुपर थर्मल पावर प्लांट की सुरक्षा में लगे सीआईएसएफ के जवानों को आज रक्षाबंधन के पर्व पर थर्मल कॉलोनी के केन्द्रीय विद्यालय की छात्राओं ने राखी बांधी। रक्षाबंधन त्योहार पर अपने परिवार से दूर बैठे और प्लांट की सुरक्षा में अपनी ड्यूटी दे रहे सीआईएसफ के जवानों को केन्द्रीय विद्यालय की छात्राओं ने राखियां बांध कर उनका मुंह मीठा करवाया। सीआईएसएफ के जवानों ने भी नन्हीं बालिकाओं को आशीर्वाद देते हुए उनकी रक्षा करने का भरोसा दिलाया। इस दौरान तिरंगा फहराते हुए भारत माता के जयकारे लगाये गए।

इस दौरान विद्यालय स्टाफ सहित अन्य लोग भी मौजूद थे। सीआईएसएफ के डिप्टी कमांडेट प्रदीप मोर ने कहा कि देश की औद्योगिक सुरक्षा में लगे सेना के जवानों के लिए हर दिन त्यौहार जैसा होता है। हम सब को मिलकर देश की अखंडता को बनाए रखना है।

## राष्ट्रमंडल खेलों में पदक जीते

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक आशुतोष गंगल ने राष्ट्रमंडल खेल-2022 में एथलीटों के शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें बधाई दी। रेलवे के खिलाड़ियों ने हाल ही सम्पन्न हुए राष्ट्रमंडल खेल-2022 में शानदार प्रदर्शन किया।

रेलवे के 17 खिलाड़ी इस स्पर्धा में भाग लेने गये थे। 17 खिलाड़ियों में से 14 खिलाड़ियों ने व्यक्तिगत अथवा टीम गेम में पदक जीते। इनमें से 5 ने स्वर्ण पदक, 6 ने रजत और 3 ने कांस्य पदक जीते। उन्होंने बताया कि कुश्ती स्पर्धा में बजरंग पुनिया, साक्षी मलिक और विनेश फोगाट ने अपने-अपने भार वर्ग में व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीते। दिव्या काकरन ने कुश्ती के अपने भार वर्ग में कांस्य पदक जीता।

सागर अहलावत जिन्हें हाल ही में भर्ती किया गया है ने मुक्केबाजी में रजत पदक, जबकि रोहित टोकस ने कांस्य पदक जीता है। रजत पदक जीतने वाली पुरुष हॉकी टीम और कांस्य पदक जीतने वाली महिला हॉकी टीम में भी उत्तर रेलवे के खिलाड़ी थे।

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक ,उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की ओर से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्य के लिए दिनांक 01.09.2022 को 15.00 बजें तक खुली ई-निविदा आमंत्रित करते है:- **निविदा संख्या: 114 कार्य का नाम व स्थान:** सहायक मण्डल इंजीनियर, उ.प.रेलवे, रतनगढ़ के नियंत्रण में विभिन्न लोकेशनों (चूरू, रतनगढ़, श्रीडूँगरगढ़, लोहारू एवं सादुलपुर) पर स्थित वॉटर शॉफ्टनिंग प्लान्टस की मेन्टेनेन्स, ऑपरेशन एवं रनिंग का प्रस्तावित कार्य करना (दो वर्षों के लिए)। **अनुमानित लागत मूल्य:** Rs.1809773.47 **धरोहर राशि:** Rs.36200.00 नोट:- अन्य शर्तें रेलवे की वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। 624-AC/22

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर**

क्रमांक :- LU2012/SGN/2022-23/100427 **लोक सूचना** दिनांक : 10.8.2022

श्री शिव कुमार छाबड़ा पुत्र श्री राम चन्द्र छाबड़ा निवासी 19 न्यू विनोबा बस्ती, गाँधी नगर, गली नं. 01, श्रीगंगानगर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का व्यावसायिक प्रयोजनार्थ के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात् :-

| क्र.सं. | ग्राम तहसील व जिले का नाम | खातेदार का नाम | खसरा सं./भूमि का विवरण | क्षेत्रफल (हैक्टेयर) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | चक 7 ई छोटी तहसील व जिला श्रीगंगानगर | श्री शिव कुमार छाबड़ा पुत्र श्री राम चन्द्र छाबड़ा | चक 7 ई छोटी मुरब्बा नं. 36 के किला नं. 18/1 में 0.240 है. में से 0.0008 है. किला नं. 19/2 में 0.0551 है. में से 0.048 है. किला नं. 22/2 में 0.032 है. किला नं. 22/5 में 0.004 है. किला नं. 23/2 में 0.140 है. में से 0.0042 है. किला नं. 23/3 में 0.025 है. (खाला) में से 0.0007 है. यथाकुल 0.0465 है. | कुल 0.0465 हैक्टेयर |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 10.8.2022 को जारी की गयी।

- प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर